संपादकीय

आतंक की जड़ पर चोट

मंगलवार तड़के पाकिस्तान के बालाकोट स्थित जैश-ए-मोहम्मद के मुख्य ट्रेनिंग सेंटर को तबाह करके भारतीय वायुसेना ने वैश्विक शांति को संबल ही दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि जैश एक बड़े फिदायीन हमले की तैयारी में था, इसीलिये उसके मुख्यालय को निशाना बनाया गया। भारतीय वॉर रूम के निर्देशन में यह कार्रवाई इतनी सधी हुई थी कि पाक सेना व नागरिक ठिकानों को नुकसान पहुंचाये बिना ही आतंक की पाठशाला को नेस्तनाबूद कर दिया गया। हालांकि, इस कार्रवाई की सूचना सबसे पहले पाक सेना ने ट्वीट करके दी, मगर बाद में दोगली नीति दर्शाई। पहले तो कहा कि पाक वायुसेना की सतर्कता से भारतीय लड़ाकू विमान अपना पेलोड गिराकर निकल गये। फिर विदेश मंत्री ने इसे पाक संप्रभुता का उल्लंघन बताते हुए वक्त आने पर बदला लेने की बाद कही, जो अपने आप में विरोधाभासी है। बहरहाल, भारत सरकार ने पुलवामा हमले के बाद देश की जनता के आतंक की जड़ पर प्रहार करने के सबल-आग्रह को हकीकत में अंजाम दे दिया। इस कार्रवाई ने देश का मनोबल बढ़ाया है। पाक को सबक सिखाया है कि भारत के धैर्य की परीक्षा लेते हुए दशकों गुजर गये, अब भारत सॉफ्ट स्टेट नहीं रहा।

नि:संदेह भारत ने आतंक की कमर तोड़ने के लिए सैन्य विकल्प का ही बेहतर व नियंत्रित उपयोग नहीं किया, साथ ही कूटनीतिक मोर्चे पर सफलता हासिल की। अब तक पाक के आका कहे जाने वाले अमेरिका से पहले ही संदेश आ गया था कि भारत कुछ बड़ा करने वाला है। भारत सरकार ने पुलवामा हमले के बाद तमाम विदेशी राजनयिकों के सामने इसमें पाक की भूमिका व आतंकवाद को प्रश्रय की नीति की कलई खोल दी है। कार्रवाई के बाद भी तमाम राजनयिकों को आतंक की बालाकोट नर्सरी के सचित्र विवरण देकर पाक को बेनकाब किया। वहीं उसके खास दोस्त चीन ने भी घटना के बाद सधी प्रतिक्रिया दी है और शांति से मामले के निस्तारण की बात कही है। अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य बदला है, पाक पोषित आतंकवाद से त्रस्त अफगानिस्तान और ईरान भी उसके खिलाफ खड़े हैं। आर्थिक रूप से दिवालिया होने के कगार पर खड़े पाक की अंतर्राष्ट्रीय हैसियत व माली हालत ऐसी नहीं है कि भारत के साथ बड़े युद्ध को विस्तार दे। फिर भी भारत को बेहद सतर्क रहने की जरूरत है कि पाकिस्तानी समर्थन से पाक व विदेशी आतंकवादी भारत व विदेश में भारतीय प्रतिष्ठानों को आतंक का शिकार न बना सकें। वहीं यह सफल कार्रवाई भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में ?भी दूरगामी प्रभाव डालने वाली होगी। सरकार व राजग के घटक दलों में उत्साह का अतिरेक इसका पर्याय है।

आधार के नए नियमों को मिली राष्ट्रपति की मंजूरी

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मोबाइल सिम कार्ड लेने तथा बैंक खाता खुलवाने में पहचान पत्र के तौर पर आधार के स्वैच्छिक इस्तेमाल को मान्यता देने वाले अध्यादेश को मंजूरी दे दी है। अध्यादेश शनिवार को जारी कर दिया गया। इससे संबंधित विधेयक लोकसभा में पारित होने के बाद राज्यसभा में पारित नहीं हो पाया जिसकी वजह से सरकार को यह अध्यादेश लाना पड़ा। मंत्रिमंडल ने आधार तथा दो अन्य विधेयकों में प्रस्तावित बदलावों को अमल में लाने के लिये पिछले सप्ताह अध्यादेश लाने को मंजूरी दे दी थी। संशोधन में आधार के इस्तेमाल एवं निजता से जुड़े नियमों के उल्लंघन के लिए कड़े दंड का प्रावधान है।

अध्यादेश में किसी व्यक्ति द्वारा प्रमाणन के लिये दी गयी जैविक पहचान की सूचनाएं और आधार संख्या का सेवा प्रदाता द्वारा अपने पास जमा रखने को प्रतिबंधित किया गया है। अध्यादेश के जरिये आधार कानून में यह बदलाव भी किया गया है कि कोई भी बच्चा 18 साल का हो जाने के बाद आधार कार्यक्रम से बाहर निकलने का विकल्प चुन सकता है।

अध्यादेश में यह भी सुनिश्चित हो गया है कि बैंक खाता खोलना हो या मोबाइल फोन सिम कार्ड लेना हो, आधार पेश नहीं करने की स्थिति में किसी भी सेवा से उपभोक्ता को इंकार नहीं किया जा सकता है। इसमें प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले निकायों पर एक करोड़ रुपए तक का आर्थिक जुर्माना तथा अनुपालन नहीं करना जारी रखने की स्थिति में प्रति दिन 10 लाख रुपए के अतिरिक्त जुर्माने का प्रावधान है। आधार के अवैध इस्तेमाल की स्थिति में तीन साल तक की कैद और 10 हजार रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान किया है। यदि अवैध इस्तेमाल करने वाला निकाय कोई कंपनी हुई तो जुर्माना एक लाख रुपए तक हो सकता है। अध्यादेश के जरिये आधार कानून की धारा 57 को हटा दिया गया है। यह धारा निजी कंपनियों, इकाइयों द्वारा आधार के इस्तेमाल से जुड़ी है।

साइबर हमलों से निपटने भारत सरकार खोलेगी साइबर अकादमी, 600 करोड़ आएगा खर्च

नई दिल्ली(आरएनएस)। साइबर हमलों से निपटने के लिए भारत सरकार तैयारी कर रही है। सरकारी कंपनी टेलीकॉम कंसलटेंट इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल) जल्द ही आईपीओ लेकर आने वाली है। वह इससे 1500 करोड़ रुपए जुटाएगी। इसमें से करीब 600 करोड़ रुपए कंपनी के विस्तार पर खर्च किए जाएंगे। विस्तार के तहत साइबर अकादमी खोली जाएगी और भारत नेट प्रोजेक्ट जैसे कई प्रोजेक्ट को पूरा कर भारत को मजबूत किया जाएगा। साइबर अकादमी में प्रशिक्षण की जरूरतों को पूरा किया जाएगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ इस साल के मध्य में बाजार में आने की संभावना है। टीसीआईएल छह केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों में से एक है जिसे सरकार पब्लिक इश्यु के जरिए स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव रख रही है।

जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने उड़ान प्रशिक्षण इकाई को बेचा

नई दिल्ली (आरएनएस)। जीएमआर इन्फ्रास्ट्रक्चर ने सोमवार को कहा कि उसकी अनुषंगी जीएमआर हैदराबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (जीएचआईएएल) ने अपनी उड़ान इकाई को पूरी तरह बेच दिया है। हालांकि कंपनी ने इस बात का खुलासा नहीं किया है कि यह सौदा कितनी राशि का है। जीएमआर इन्फ्रास्ट्रक्चर ने शेयर बाजारों को दी गयी जानकारी में कहा है, जीएचआईएएल...ने एक अज्ञात राशि पर एशिया पैसिफिक फ्लाइट ट्रेनिंग एकेडमी लिमिटेड (एपीएफटीएएल) नामक अपनी अनुषंगी के 100 प्रतिशत शेयरों को एक तीसरे पक्ष को बेच दिया है। कंपनी ने कहा है कि इस बिक्री के साथ ही एपीएफटीएएल अब जीएचआईएल और जीआईएल की अनुषंगी नहीं रह गयी।

आरबीआई और सरकार के निर्देश के बावजूद बैंकों ने डिजिटल पेमेंट्स पर की 200 करोड़ की अवैध उगाही

रिपोर्ट में खुलासा

मुंबई(आरएनएस)। कुछ सरकारी एजेंसियों और पब्लिक यूटिलिटी के लिए डिजिटल पेमेंट पर बैंक चार्ज ग्राहकों से ही वसूले जा रहे हैं जबकि मोदी सरकार ने डिजिटल इंडिया को प्रमोट करने के लिए ग्राहकों को इससे राहत देने का निर्देश दिया था। कुछ

मामलों में न केवल बैंक चार्ज अवैध तरीके से ग्राहकों पर थोपे जा रहे हैं बल्कि अनुमति से ज्यादा रकम वसूली जा रही है। डिजिटल पेमेंट्स पर सरचार्जेज का अध्ययन करने वाले आईआईटी बॉम्बे में गणित विभाग के आशीष दास के मुताबिक, पिछले वर्ष में सिर्फ ऑनलाइन पेमेंट्स पर 200 करोड़ रुपये अनधिकृत वसूली की गई है।

दिल्ली में यूपीआई के जरिए बिजली बिल पेमेंट करने वालों को बिल अमाउंट से 1त्न ज्यादा रकम चुकानी पड़ रही है। मुंबई में टाटा पावर के ग्राहकों का बिजली बिल 2 हजार रुपये से ज्यादा जबकि दिल्ली में 5 हजार रुपये से ज्यादा होने पर सरचार्ज देना पड़ता है। इसी तरह, आईआरसीटीसी से टिकट बुक करते वक्त यूपीआई से 2 हजार रुपये से ज्यादा के पेमेंट पर अतिरिक्त 10 रुपये और जीएसटी देना पड़ रहा है।

10 वर्टिकल्स में बांटी गईं टाटा ग्रुप की कंपनियां

मुंबई (आरएनएस)। टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस ने कंज्यूमर से लेकर ट्रेडिंग और इनवेस्टमेंट तक 10 वर्टिकल्स में 104 अरब डॉलर के इस ग्रुप को बांट दिया है। मामले से वाकिफ दो लोगों ने बताया कि होल्डिंग कंपनी के प्रतिनिधि इन वर्टिकल्स का कामकाज आसानी से चलाने के लिए को-ऑर्डिनेट कर रहे हैं।

चेयरमैन एन चंद्रशेखरन की अध्यक्षता में ये वर्टिकल बनाने से 95 से ज्यादा कंपनियों को अपने कामकाज में तालमेल बैठाने और लागत घटाने में मदद मिलेगी। यह ग्रुप टाटा मोटर्स सरीखी अपनी कंपनियों में बहुत ज्यादा इंपेयरमेंट्स की स्थिति का सामना कर रहा है।

इसमें सबसे मुश्किल काम कंज्यूमर और रिटेल वर्टिकल को एकसाथ रखने का रहा है क्योंकि इन सेगमेंट्स में टाटा केमिकल्स, टाटा ग्लोबल बेवरेजेज, टाइटन, वोल्टास, क्रोमा और वेस्टसाइड सरीखी कंपनियां हैं। ग्रुप ने होटल और एविएशन से जुड़े अपने कारोबारों यानी इंडियन होटल्स, टाटा एसआईए एयरलाइन को ट्रैवल और टूरिज्म वर्टिकल में रखा है।

यह कंसॉलिडेशन ऑपरेटिंग कॉस्ट कम करने और ग्रोथ बढ़ाने की टाटा संस की योजना के तहत किया गया है। एक सीनियर अधिकारी ने कहा, वर्टिकल हेड की भूमिका हर वर्टिकल की कंपनियों के बीच को-ऑर्डिनेटर और फैसिलिटेटर की रहेगी।

महिला क्रिकेट: इंग्लैंड ने भारत को दिया 161 रनों का लक्ष्य

गुवाहाटी (आरएनएस)। सलामी बल्लेबाज टैमी बेयूमोंट (62) की पारी की बदौलत इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने सोमवार को बीरसापरा क्रिकेट स्टेडियम में जारी पहले टी-20 मैच में भारत के सामने 161 रनों का लक्ष्य रखा है। बेयूमोंट के अलावा अंत में कप्तान हीथर नाइट ने 20 गेंदों में सात चौकों की मदद से 40 रनों की पारी खेल अपनी टीम को 20 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 160

रनों का स्कोर प्रदान किया।

भारत ने टॉस जीत इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी करने बुलाया। बेयूमोंट और डेनियल व्याट (35) ने टीम को मजबूत शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 11.3 ओवरों में 89 रन जोड़े। शिखा पांडे ने व्याट को स्मृति मंधाना के हाथों कैच आउट करवाया। उनके जाने के छह रन बाद ही राधा यादव ने नताली स्काइवर को चार रनों के निजी स्कोर पर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद नाइट और बेयूमोंट ने तीसरे विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी की। नाइट 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर पवेलियन लौटीं। आखिरी ओवर की तीसरी गेंद पर राधा ने बेयूमोंट की पारी का अंत किया।

मैटिक्स ग्रुप के मालिक निशांत कनोडिया से ईडी ने की पूछताछ

मुंबई (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आईसीआईसीआई-विडियोकॉन लोन मामले की जांच के सिलसिले में रविवार को मैटिक्स ग्रुप के मालिक निशांत कनोडिया से पूछताछ की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह पहला मौका है, जब ईडी ने कनोडिया को पूछताछ के लिए बुलाया। कनोडिया एस्सार ग्रुप के चेयरमैन रवि रुइया के दामाद हैं।

चीन ने रक्षा पर भारी व्यय का बचाव किया, रक्षा व्यय में और वृद्धि का संकेत

बीजिंग(आरएनएस)। अमेरिका के बाद रक्षा पर सबसे अधिक खर्च करने वाले चीन ने इस मद में भारी आवंटन का सोमवार को बचाव किया। साथ ही उसने इस वर्ष रक्षा बजट को और अधिक बढ़ाये जाने का इशारा किया और कहा कि उसने किसी अन्य देश के लिए कोई खतरा उत्पन्न नहीं किया है। चीन ने पिछले साल अपने रक्षा बजट में 8.1 प्रतिशत तक का इजाफा किया था। इससे रक्षा क्षेत्र पर उसका व्यय बढ़कर 175 अरब डॉलर हो गया।

एफडीआई में दिल्ली-एनसीआर ने महाराष्ट्र को छोड़ा पीछे

नईदिल्ली (आरएनएस)। सर्वाधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने के मामले में दिल्ली-एनसीआर ने महाराष्ट्र को पीछे छोड़ दिया है। डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन और इंडस्ट्री ऐंड इंटरनल ट्रेड की ओर से जारी आंकड़े दिखाते हैं कि वित्त वर्ष 2018-19 के पहले 9 महीनों में दिल्ली में 57,333 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है।

2016-17 के पहले 9 महीनों में सर्वाधिक एफडीआई (49त्न) हासिल करने वाले महाराष्ट्र के हिस्से में लगातार गिरावट आ रही है। कुल एफडीआई में इसकी हिस्सेदारी 2017-18 की समान अवधि गिरकर 32त्न रह गई तो 2018-19 के पहले 9 महीनों में इसका कब्जा 24 फीसदी हिस्से पर ही है।

दूसरी तरफ, एफडीआई में दिल्ली की हिस्सेदारी बढ़ी है। 2016-17 के पहले 9 महीनों में 14 फीसदी से बढ़कर इसकी हिस्सेदारी 2017-18 की समान अवधि में 17 फीसदी हो गई। 2017-18 के पहले 9 महीनों में इसने 25 फीसदी हिस्से पर कब्जा कर लिया है।

आज का राशिफल

मेष:- आज आप घर की बातों के प्रति अधिक ही ध्यान देंगे। परिजनों के साथ बैठकर महत्वपूर्ण चर्चा करेंगे। घर की कायापलट करने के लिए कुछ नई साज-सजावट का विचार करेंगे।

वृषभ:- विदेश में स्थित सेहीजन तथा मित्रों के समाचार आपको आनंद प्रदान करेंगे। विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति यों के लिए अच्छा अवसर है। लंबे प्रवास का आयोजन हो सकता है।

मिथुन:- आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। क्रोध और वाणी पर संयम रखें, अन्यथा हानि हो सकती है। मानहानि न हो, इसका ध्यान रखें। शारीरिक और मानसिक रूप से आज आप अस्वस्थ हो सकते हैं। खर्च अधिक होने से आर्थिक रूप से तंगी का अनुभव हो सकता है।

कर्क:- आज का दिन मित्रों और स्वजनों के साथ आनंदपूर्वक बिता सकेंगे। मनोरंजक प्रवृत्तियों का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार के क्षेत्र में लाभ होने की संभावना अधिक है। साझेदारों से लाभ होगा।

सिंह:- स्वास्थ्य के पीछे धन खर्च हो सकता है। आज खान-पान घर का ही करें तो लाभदायी रहेगा। नकारात्मक विचार मन में न आने दें। व्यवसाय में साथ काम करने वालों का सहयोग आज नहीं मिलेगा।

कन्या:- आज विद्यार्थियों के लिए समय कठिन है। संतान के भविष्य की चिंता आपको हो सकती है। शेयर-सट्टे में ध्यान रखना होगा। मन में खिन्नता का अनुभव हो सकता है।

तुला:- आज आप शारीरिक रूप से शिथिलता और मानसिक रूप से व्यग्रता का अनुभव कर सकते हैं। माता के विषय में चिंता हो सकती है। प्रवास को आज संभव हो तो टाल दें। पारिवारिक वातावरण में कलह न हो, ध्यान रखें।

वृश्चिक:- नए कार्य के प्रारंभ के लिए आज का दिन शुभ है। दिनभर प्रसन्नता बनी रहेगी। परिजनों के साथ आप आनंदपूर्वक समय बिता सकेंगे। वाणी पर संयम रखें। खर्च की मात्रा आज बढ़ न जाए इसका ध्यान रखें।

धनु:- आज आपका मन दुविधा में फंसा रहेगा। पारिवारिक वातावरण खराब न हो, ध्यान रखें। निर्धारित कार्यों को पूर्ण न कर पाने से मन में हताशा हो सकती है।

मकर:- आज मन प्रफुल्लित रहेगा। आज मन से आप धार्मिक रहेंगे। पारिवारिक वातावरण मंगलमय रहेगा। मित्रों और सेहीजनों से आपको उपहार प्राप्त होंगे।

कुंभ:- आज शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता हो सकती है। परिजनों के साथ कलह होने की आशंका है। धन की लेनदेन या पूंजी निवेश करते समय ध्यान रखें। अदालती कार्यवाही में संभलकर चलें।

मीन:- आज आकस्मिक धन लाभ की संभावना अधिक हैं। संतान के विषय में शुभ समाचार प्राप्त होंगे। बचपन या पुराने मित्रों के साथ भेंट होने से आनंद छाया रहेगा।

कढ़ाई मशरूम रेसिपी

कढ़ाई पनीर से अलग इस बार कढ़ाई मशरूम की रेसिपी करें ट्राय। लंच हो या डिनर इसे कभी भी कर सकते हैं एन्जॉय।

सामग्री :

2 कप मशरूम कटे हुए, 1 इंच अदरक कटी हुई, 4-5 लहसुन की कलियां, 1 शिमला मिर्च लंबी कटी हुई, 4 हरी मिर्च बारीक कटी हुई, 6-7 करी पत्ता, आधा बड़ा चम्मच राई, 2 बड़े प्याज कटे हुए, 3 टमाटर की प्यूरी, आधा छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, आधा छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, 2 छोटा चम्मच धनिया पाउडर, 1 बड़ा चम्मच गरम मसाला, 1 छोटा चम्मच नींबू का रस, 1 बड़ा चम्मच तेल, स्वादानुसार नमक

विधि :

सबसे पहले मशरूम को धोकर 20 मिनट तक गरम पानी में भिगोकर रखें। फिर इसे साफ कर डंठल सहित पतले टुकड़ों में काट लेंगे। अब प्याज, हरी मिर्च और अदरक को पीसकर पेस्ट बना लेंगे। अब मीडियम आंच पर एक पैन में तेल डालकर गरम होने के लिए रख देंगे। जब तेल गरम हो जाए तो इसमें राई और करी पत्ता डालकर तड़काएंगे। फिर इसमें प्याज का पेस्ट डालकर सुनहरा होने तक भून लेंगे। इसके बाद इसमें टमाटर का पेस्ट, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर और नमक डालकर ग्रेवी के तेल छोड़ने तक पकाएं। बीच-बीच में चलाते रहें। अब इस मसाले में मशरूम, कटी शिमला मिर्च और नींबू का रस डालकर भूनेंगे। इसके बाद इसमें एक कप पानी डालें और धीमी आंच 10-15 मिनट तक पकाएं। जब सब्जी पक जाए तो इसमें गरम मसाला और धनिया पत्ती डालकर आंच बंद करें और गर्मागर्म सब्जी सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य-96

बाएं से दाएं
1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

ऊपर से नीचे
1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 95 का हल

अं	त	■	म	री	ज	■	■	■
ग	ह	न	ता	■	ब	र	ब	स
■	की	■	धि	क्का	र	■	र	मा
■	का	■	का	■	द	वा	खा	ना
प	त	वा	र	■	स्त	र	■	■
ह	■	■	■	■	■	दा	मि	नी
ना	■	ए	ह	ति	या	त	■	लां
वा	च	क	■	हा	■	■	खू	ब
■	■	ता	ब	ड़	तो	ड़	■	र

सू-दोकू-96

बाएं से दाएं
1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

ऊपर से नीचे
1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सुर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, वृत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 95 का हल

अं	त	■	म	री	ज	■	■	■
ग	ह	न	ता	■	ब	र	ब	स
■	की	■	धि	क्का	र	■	र	मा
■	का	■	का	■	द	वा	खा	ना
प	त	वा	र	■	स्त	र	■	■
ह	■	■	■	■	■	दा	मि	नी
ना	■	ए	ह	ति	या	त	■	लां
वा	च	क	■	हा	■	■	खू	ब
■	■	ता	ब	ड़	तो	ड़	■	र